साय-फाय ट्रॉफी 2018 के विजेताओं की घोषणा

संवाददाता

पुणे. आईटी सुरक्षा समाधान प्रदाता कंपनी क्विक हील टेक्नोलॉजीस की सीएसआर शाखा क्विक हील फाउंडेशन ने अपने अनूठे तकनीकी-सांस्कृतिक आयोजन का एक और सफल समापन करते हुए साय-फाय चैम्पियनशिप 2018 के विजेताओं की घोषणा की. यह कार्यक्रम महाराष्ट्र साइबर और थिएटर अकादमी के सहयोग से सकल ललित कलाघर, पुणे में आयोजित किया गया था. इस ग्रैंड फिनाले में नौ फाइनलिस्ट टीमों में से पुणे के समूह 'आमचे आम्ही' की एकांकी 'आई ऐग्री' को विजेता चुना गया. अभिनेता रीतेश देशमुख और जैकी श्रॉफ साय-फाय ट्रॉफी 2018 के ग्रैंड फिनाले में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए.

जबकि प्रतिष्ठित मराठी अभिनेता विजय केंकरे और आनंद इंग्ले निर्णायक मंडल का हिस्सा बने विजेता टीम को कैलाश काटकर (मैनेजिंग डायरेक्टर व सीईओ - क्विक हील टेक्नोलॉजीस लिमिटेड), संजय काटकर (जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर व सीटीओ क्विक, हील टेक्नोलॉजीस लिमिटेड), सचिन पांडकर (एसपी, महाराष्ट्र साइबर) और प्रसाद पुरंदरे (प्रेसिडेंट-थिएटर अकादमी) द्वारा पुरस्कृत किया गया फिल्म, थिएटर व टीवी जगत की कई जानीमानी हस्तियां इस मौके पर उपस्थित थीं.

इस अवसर पर कैलाश काटकर ने कहा, कि जो दीप सबसे ज्यादा चमक के साथ जलता है, उसकी परछाई भी उतनी ही गहरी होती है.

दीपक की तरह है डिजिटल टेक्नोलॉजी

1 डिजिटल टेक्नोलॉजी ऐसे ही दीपक की तरह है यह जरूरी है कि इसके फायदों का आनंद उठाने के साथ-साथ हम इसके खतरों व जोखिमों से भी अवगत रहें. साय-फाय ट्रॉफी के जरिए क्विक हील फाउंडेशन बेहतर साइबर सुरक्षा की जरूरत के प्रति जागरुकता जगाना चाहती है. यह इसका दूसरा संस्करण था. इसमें पूरे महाराष्ट्र से 100 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं और प्रतिभागियों से इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली प्रतिष्ठित थिएटर कलाकार प्रसाद पुरंदरे के नेतृत्व में थिएटर अकादमी ने पुणे, मुंबई, औरंगाबाद, कोल्हापुर, गोवा और नागपुर के क्षेत्रीय केन्द्रों में ऑडिशन संचालित करके नौ फाइनलिस्ट चुने.

2 साय-फाय ट्रॉफी 2018 के ग्रैंड फिनाले में विचारोत्तेजक सामयिक रंगमंचीय नाटक प्रदर्शित किए गए, जिनमें आज की डिजिटल जीवनशैली की झलकियां तथा प्रयोक्ताओं को किस तरह के खतरों का सामना करना पड़ता है, यह दिखाया गया.